भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 4101

उत्तर देने की तारीख : 30.03.2026

अल्पसंख्यक विरासत के संरक्षण के लिए हमारी धरोहर योजना

4101. श्री शंभू शरण पटेल:

श्री अशोकराव शंकरराव चव्हाण:

श्री राजीब भट्टाचार्जी:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत दो वर्षों के दौरान अल्पसंख्यक विरासत और संस्कृति के संरक्षण के लिए हमारी धरोहर योजना के अन्तर्गत संस्वीकृत परियोजनाओं की संख्या और ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान ऐसी परियोजनाओं के लिए संस्वीकृत और जारी की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) इस योजना के अन्तर्गत समर्थित सांस्कृतिक संस्थानों, संग्रहालयों या दस्तावेज़ीकरण पहलों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस योजना के अन्तर्गत पूरी हो चुकी और वर्तमान में कार्यान्वयन के अधीन विरासत संरक्षण परियोजनाओं की संख्या और ब्यौरा क्या है?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (घ): "हमारी धरोहर" योजना को वित्त वर्ष 2014-15 से वित्त वर्ष 2021-22 तक कार्यान्वित किया गया था और अब इसे प्रधानमंत्री विरासत का संवर्धन (PM VIKAS) योजना जो जनवरी 2025 में शुरू की गई थी, में समाहित कर दिया गया है।

पिछले दो वर्षों के दौरान, PM VIKAS योजना के पारंपरिक प्रशिक्षण उप-घटक, जिसमें "हमारी धरोहर" को समाहित किया गया है, के तहत मंत्रालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ के साथ सहयोग से 14 सितंबर, 2024 को मुंबई में “भविष्य के वैश्विक नेतृत्व के मार्गदर्शन के लिए बुद्ध का मध्यम मार्ग” विषय पर एक सम्मेलन आयोजित किया गया था।

*****